(vi) Underground suffering claimmed was voluntary.

The concernecd applicants are informed accordingly. Cases are reopened if the applicants subsequently furnish reliable and complete documentary evidence to establish clearly their *bonafides* and title to Samman Pension.

**मद्रास रिफाइनरी में मासिक और दैनिक आधार पर कार्य कर रहे कर्मचारियों की संख्या और कर्मचारी राज्य बीमा योजना में उनकी बकाया धनराशि**

2427. **श्री निहाल सिंह :** क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मद्रास रिफाइनरी लिमिटेड में मासिक और दैनिक आधार पर कार्य कर रहे कर्मचारियों की संख्या कितनी है ;

(ख) मद्रास रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा योजना में कितनी धनराशि जमा कराई गई है और कितनी राशि उस पर बकाया है ; और

(ग) बकाया राशि को वसूल करने के सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

**श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) :** (क) कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने सूचित किया है कि यह प्रतिष्ठान कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नहीं आता है। क्योंकि यह ऐसे क्षेत्र में स्थित है जहां यह योजना कार्यान्वित नहीं की गई है।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठते।

**दिल्ली पुलिस द्वारा पुलिस चौकियों के लिए किराए पर लिए गए मकान**

2428. **श्री राम सिंह शाक्य :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली पुलिस द्वारा कितने मकान पुलिस चौकियों की स्थापना के लिए किराए पर लिये गये हैं और किराए के रूप में कितनी राशि अदा की जा रही है; और

(ख) क्या दिल्ली पुलिस ने इस प्रयोजन के लिए गैर सरकारी मकान किराए पर लिये हैं और उन मकानों के मालिकों को किराया अदा नहीं किया जा रहा और अपने मकानों के लिए किराया मांगे जाने पर उनको धमकी दी जाती है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा ) :** (क) और (ख). 11 पुलिस स्टेशनों और 16 पुलिस चौकियों के लिए 23 निजी मकान और 4 डी०डी०ए० के फ्लैट किराये पर लिए गए हैं। ऐसे 22 मकानों के लिए प्रतिमाह 24533.00 रु० किराया दिया जाता है। शेष 5 मकानों के सम्बन्ध में किराया, किराया निर्धारण समिति द्वारा अभी निर्धारित किया जाना है और जैसे ही किराया निर्धारित हो जाएगा इसका भुगतान कर दिया जायेगा। निजी मकानों को, मकान मालिकों को पूर्व सहमति से किराये पर लिया जाता है और यह कहना सही नहीं है कि मालिकों को किराया मांगने पर धमकी दी जाती है।

**Costs of Industrial Labour in Rural and Urban Areas**

2429. SHRI A.T. PATIL : Will the Minister of LABOUR be pleased to state :

(a) average cost of industrial labour in urban and rural areas respectively, at present ; and